भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्याः 137
उत्तर देने की तारीखः 01.07.2019

जवाहर नवोदय विद्यालय

***137. श्री रविन्द्र श्यामनारायण शुक्ला उर्फ रवि किशनः**
श्री रोड़मल नागरः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश के सभी जिलों में जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो उक्त लक्ष्य विशेषकर मध्य प्रदेश के सभी जिलों में कब तक प्राप्त कर लिये जाने की संभावना है और इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार प्राथमिकता के आधार पर देश के ग्रामीण क्षेत्रों में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अगले तीन वर्षों के दौरान जिन क्षेत्रों में उक्त विद्यालय खोले जाने की संभावना है उनके नाम क्या हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

जवाहर नवोदय विद्यालय के संबंध में श्री रविन्द्र श्यामनारायण शुक्ला उर्फ रवि किशन और श्री रोड़मल नागर द्वारा दिनांक 01.07.2019 को लोक सभा में पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. 137 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): जवाहार नवोदय विद्यालय (जेएनवी) मुख्यत: ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान बच्चों को अच्छी गुणवत्ता वाली आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किए जाते हैं। जिलों की न्यूनतम 75 प्रतिशत सीटें ग्रामीण क्षेत्रों से चुने गए अभ्यर्थियों द्वारा भरी जाती हैं। नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जेएनवी खोलने की परिकल्पना की गई है।

मध्य प्रदेश के सभी जिलों सहित देश के सभी जिलों (31.05.2014 के अनुसार) को नवोदय विद्यालय योजना के अंतर्गत् शामिल किया गया है (तमिलनाडु राज्य में जिलों को छोड़कर जिसने अब तक योजना को स्वीकार नहीं किया है)।

नए जिले बनने के परिणामस्वरूप (31.03.2018 तक सृजित), ऐसे 45 जिले हैं जिन्हें अभी नवोदय विद्यालय योजना में शामिल किया जाना शेष है। इन जिलों का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

नए जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) खोलना एक सतत प्रक्रिया है जो संबंधित राज्य सरकार की इच्छा पर निर्भर करता है। स्थायी भवन के निर्माण हेतु नि:शुल्क उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराए और स्थायी भवन का निर्माण किए जाने तक विद्यालय चलाने के लिए नि:शुल्क अपेक्षित अस्थायी भवन उपलब्ध कराए तथापि, नए जेएनवी के लिए वास्तविक स्वीकृति और उन्हें खोला जाना निधियों की उपलब्धता तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करता है। अत:, उन क्षेत्रों की पहचान करना संभव नहीं है जहां अगले तीन वर्षों में जेएनवी स्थापित किए जाने की संभावना है।

*****

अनुबंध

जवाहर नवोदय विद्‌यालय के संबंध में श्री रविन्द्र श्यामनारायण शुक्ला उर्फ रवि किशन और श्री रोड़मल नागर द्‌वारा दिनांक 01.07.2019 को लोक सभा में पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. 137 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

नए जिले बनने के कारण (31.03.2018 तक सृजित) शामिल नहीं किए गए जिलों की सूची

क्र. सं	**एनवीएस क्षेत्रीय कार्यालय**	**राज्य**	**नवनिर्मित जिले**
1.	शिलांग	अरूणाचल प्रदेश	लोहित
2.	शिलांग	अरूणाचल प्रदेश	क्रादादी
3.	शिलांग	अरूणाचल प्रदेश	सियांग
4.	शिलांग	अरूणाचल प्रदेश	लोअर सियांग
5.	शिलांग	अरूणाचल प्रदेश	अपर सुबानसिरि
6.	शिलांग	असम	सोनितपुर
7.	शिलांग	असम	चाराईदेव
8.	शिलांग	असम	माजुली
9.	शिलांग	असम	दक्षिण सलमारा मानाकाचर
10.	शिलांग	असम	प. करबियांगलांग
11.	शिलांग	असम	होजई
12.	जयपुर	हरियाणा	चरखी दादरी
13.	पुणे	महाराष्ट्र	थाणे
14.	शिलांग	मणिपुर	थौबाल
15.	शिलांग	मणिपुर	जिरीबम
16.	शिलांग	मणिपुर	फेरजोल
17.	शिलांग	मणिपुर	कामजोंग
18.	शिलांग	मणिपुर	कैंगपोकपी
19.	शिलांग	मणिपुर	तेंगनौपाल
20.	शिलांग	मणिपुर	नोनी
21.	शिलांग	नागालैंड	नोकलक
22.	हैदराबाद	तेलंगाना	मनचेरियल
23.	हैदराबाद	तेलंगाना	निर्मल
24.	हैदराबाद	तेलंगाना	आदिलाबाद
25.	हैदराबाद	तेलंगाना	सिरिसिला

26.	हैदराबाद	तेलंगाना	जगितयाल
27.	हैदराबाद	तेलंगाना	पेड्डापल्ली
28.	हैदराबाद	तेलंगाना	कोठागुदेम
29.	हैदराबाद	तेलंगाना	महबूबनगर
30.	हैदराबाद	तेलंगाना	वानापारथी
31.	हैदराबाद	तेलंगाना	जोगुलंबा गडवाल
32.	हैदराबाद	तेलंगाना	संगा रेड्डी
33.	हैदराबाद	तेलंगाना	मेढक
34.	हैदराबाद	तेलंगाना	यादाद्री (भोंगगिरी)
35.	हैदराबाद	तेलंगाना	सूर्यापेट
36.	हैदराबाद	तेलंगाना	निजामाबाद
37.	हैदराबाद	तेलंगाना	वक्राबाद
38.	हैदराबाद	तेलंगाना	मेडाचल
39.	हैदराबाद	तेलंगाना	जय शंकर भूपालापल्ली
40.	हैदराबाद	तेलंगाना	महबूबाबाद
41.	हैदराबाद	तेलंगाना	वारंगल ग्रामीण
42.	हैदराबाद	तेलंगाना	जनगॉव
43.	पटना	पश्चिम बंगाल	कालिमपोंग
44.	पटना	पश्चिम बंगाल	पूर्वी वर्धमान
45.	पटना	पश्चिम बंगाल	झाड़ग्राम

*****